मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-99
22/03/2022

प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व सांसद पं0 शीलभद्र याजी की जयंती पर मुख्यमंत्री ने किया नमन

पटना, 22 मार्च 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी पं0 शीलभद्र याजी की जयंती के अवसर पर उन्हें नमन कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना जिले के बख्तियारपुर में जन्मे पं0 शीलभद्र याजी ने असहयोग आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। स्व0 शीलभद्र याजी ने 1939 से 1941 तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस के निकटतम सहयोगी के तौर पर भी कार्य किया था। वे प्रथम बिहार विधान (धारा) सभा के सदस्य एवं राज्यसभा के भी सदस्य रहे थे। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही थी और उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है।

******